“सहकार से समृध्दि”

# “IYC-2025”
# Chhattisgarh Status Report, May-2025

# “सहकार से समृध्दि”

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| क्षेत्र | समस्त समितियां |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | ग्राम/(पैक्स 2058) |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | “सुशासन तिहार” का आयोजन |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | छत्तीसगढ़ राज्य में माह मई में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषकों एवं ग्रामीणों की समस्याओं के निवारण हेतु “सुशासन तिहार” का आयोजन करना। |
| उद्देश्य | “सुशासन तिहार 2025” का उद्देश्य ग्रामीणों तथा कृषकों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। |
| प्रतिभागियों की संख्या | 02 लाख से अधिक |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | सुशासन तिहार अंतर्गत राज्य में विभिन्न शिविरों के माध्यम से पैक्स के सेवाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर KCC कार्ड वितरण, माइक्रो ATM के माध्यम से भुगतान करते हुए विभाग को प्राप्त विभिन्न आवेदनों का निराकरण किया गया। |

# 1. गतिविधि : “सुशासन तिहार” का आयोजन।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| ग्राम/पैक्स | छत्तीसगढ़ राज्य में माह मई में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषकों एवं ग्रामीणों की समस्याओं के निवारण हेतु “सुशासन तिहार” का आयोजन करना। | 2058 |



हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Raipur Balod Bhoomi - 20 May 2025 - Page 1

गोद भराई रस्म और खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार पूरा किया गया

## समाधान शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड धान बीज, कीटनाशक और खाद बांटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण के अंतर्गत जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भाठागांव आर में समाधान शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम भाठागांव आर में आयोजित समाधान शिविर में कांकेर लोकसभा के सांसद भोजराज नाग, विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चन्द्राकर, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन सहित कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक के अलावा पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, दयाराम साहू एवं राजेन्द्र राय, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जनपद अध्यक्ष पुरूषोत्तम चन्द्राकर, लेखराम साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, तहसीलदार एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

■ भाठागांव आर के समाधान शिविर में सांसद भोजराज नाग, विधायक कुंवर सिंह निषाद की उपस्थिति उल्लेखनीय रही

आयोजित शिविर में अतिथियों के द्वारा हितग्राहियों को सुशासन तिहार के दौरान बनाए गए उनका राशन कार्ड, किसान किताब, श्रम कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति पत्र, किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अलावा उन्नत किस्म के धान बीज, कीटनाशक दवाई, खाद बीज के वितरण के अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवण यंत्र आदि के अलावा मछली पालन विभाग द्वारा हितग्राहियों को आईस बॉक्स एवं मछली जाल ▸▸| शेष पेज 12 पर

### आवेदनों का समुचित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा

इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सुशासन तिहार के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त प्रत्येक आवेदनों का समुचित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। मिश्रा ने सुशासन तिहार क दौरान प्राप्त आवेदनों के समुचित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी दी। मिश्रा ने वर्तमान समय में पानी के भीषण संकट को देखते हुए पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के उपाय सुनिश्चित करने हेतु जिले के प्रत्येक नागरिकों को बहुमूल्य भागीदारी निभाने की भी अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख ने सुशासन तिहार के आयोजन ▸▸| शेष पेज 12 पर




जिला महासमुंद में सांसद महोदया द्वारा धान बीज का वितरण किया गया।



माननीय मुख्यमंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सेवा सहकारी समिति मुरमुंदा के किसानों को खाद वितरित किया गया।

# “सहकार से समृध्दि”

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| क्षेत्र | ग्राम |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | पैक्स |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | पैक्स समितियों में कृषि आदान हेतु शिविरों का आयोजन। |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | अप्रेल 2025 से खरीफ सीजन प्रारंभ हो गया है। कृषकों को इस समय कृषि आदानों की आवश्यकता होती है। अतः शिविरों का आयोजन कर, एक ही स्थल में कृषक सदस्यों को केसीसी बचत तथा ऋण एवं खाद बीज आदि वितरण करना। |
| उद्देश्य | सहकार से समृध्दि अंतर्गत प्रारंभ किये गये विभिन्न पहलों की जानकारी दिया जाना। |
| प्रतिभागियों की संख्या | 23,419 |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | राज्य में विभिन्न शिविरों के माध्यम से 5780 केसीसी कार्ड धारकों को रूपे केसीसी कार्ड वितरण किया गया, राज्य के 391221 कृषकों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण अंतर्गत राशि रू. 2228 करोड़ वितरित किया गया तथा 187825 टन रासायनिक खाद का वितरण किया गया। |

## 2. गतिविधि : पैक्स समितियों में कृषि आदान हेतु शिविरों का आयोजन।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| पैक्स | जिला सहकारी संघों द्वारा पैक्स के माध्यम से दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाना। | 2058 |

### किसानों को दी जाने वाली सामग्री की विस्तृत जानकारी दी




दाढ़ी @ पत्रिका. सेवा सहकारी समिति सेमरिया में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को समितियां के माध्यम से दी जाने वाली योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

सेवा सहकारी समिति सेमरिया प्राधिकृत अध्यक्ष संतोष साहू ने बताया कि किसानों को समृद्ध एवं खुशहाल बनाने के लिए एवं उन्नत कृषि करने के लिए शासन के द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है जिसकी संपूर्ण जानकारी एवं योजनाओं का लाभ समिति के माध्यम से दी जा रही है। सहायक समिति प्रबंधक शंकर दिवाकर ने बताया कि माह अप्रैल से अब तक 350 किसानो का के सीसी कार्ड नवीनीकरण एवं 20 कृषकों का नवीन किसान क्रेडिट कार्ड बनाया गया है। समिति में संचालित सीएससी के माध्यम से 490 कृषकों का किसान पंजीयन, एग्रीटेक पंजीयन, समिति में आने वाले कृषकों का मोबाइल रिचार्ज, बिजली बिल एवं अन्य कार्य किया गया। समिति में ही माइक्रो एटीएम द्वारा कृषको को 10000 रुपये तक की राशि जमा व निकासी की सुविधा दी जा रही है। समिति में व 1 अप्रैल से 22 मई तक 908 कृषको को नगद के रूप में ऋण राशि 371.75 लाख रूपये एवं वस्तु के रूप में ऋण राशि 66.72 लाख जारी किया जा चुका है। अध्यक्ष संतोष साहू द्वारा नवीन किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया।

**केसीसी कार्ड का वितरण**

### कृषकों को समिति में संचालित योजनाओं की दी जानकारी





दाढ़ी @ पत्रिका. सेवा सहकारी समिति मर्यादित उमरिया शाखा दाढ़ी में सहकार से समृद्धि योजना के अंतर्गत समिति के कृषकों को समिति में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

जिसमें माइक्रो एटीएम से न्यूनतम 100 रुपए व अधिकतम 10000 तक जमा किया किया जा सकता है व निकाला जा सकता है। साथ ही साथ समिति में सीएससी सेंटर संचालित हो रहा है जिसमें किसान रजिस्ट्री पंजीयन, 445 किसानों का पंजीयन, बिजली का बिल, बीमा पॉलिसी, रेलवे टिकट, टीवी रिचार्ज, मनी ट्रांसफर आदि विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। अध्यक्ष मोहित साहू ने नए किसानो को केसीसी कार्ड का वितरण किया। समिति उमरिया में वर्ष 2025-26 में 1 अप्रैल से 23 मई तक 875 कृषकों को 210.85 लाख केसीसी ऋण वितरण नगद एवं 85.70 लाख का खाद बीज का वितरण किया जा चुका है । इस अवसर पर समिति के सहायक समिति प्रबंधक मुकेश चंद्राकर, कंप्यूटर ऑपरेटर हिरेंद्र सिन्हा, लिपिक सह ऑपरेटर ओमप्रकाश साहू, राकेश साहू, जयप्रकाश चंद्राकर, रामप्रसाद, प्रमोद बाल्मीकि, मिश्री लाल यादव, देवेंद्र, दिलहरण, कृषक लालबहादुर पटेल, टीकम चंद्राकर, खेलावन साहू, रमक साहू, जुड़वा साहू, लच्छी दुबे उपस्थित रहे।

# “सहकार से समृध्दि”

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| क्षेत्र | अपैक्स बैंक/ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक तथा PACS |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | बैंक शाखा |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | पैक्स समितियों के सदस्यों को केसीसी कार्ड वितरण कार्यक्रम। |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | राज्य के कृषकों को KCC कार्ड प्रदान किया जाना। उक्त कार्य हेतु पैक्स एवं बैंक शाखा स्तर पर किसान क्रेडिट कार्ड वितरण सप्ताह का आयोजन किया जाना तथा KCC कार्ड के उद्देश्य, आवश्यकता एवं लाभ से कृषकों को अवगत कराना। |
| उद्देश्य | कृषकों को उनकी कृषि एवं सम्बद्ध गतिविधियों के लिए समय पर अल्पकालीन कृषि ऋण प्रदान करना जिससे वह अपनी खेती की जरूरतों को पूर्ण कर सके। |
| प्रतिभागियों की संख्या | हितग्राहियों को KCC कार्ड वितरित किए गए। |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | किसानों ने KCC के लाभ जैसे कृषि कार्य के लिए ऋण, खाद-बीज, वित्तीय साक्षरता और कृषि ऋण प्रबंधन, व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा आदि से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। माह में 2,66,098 कृषकों को 2228 करोड़ का ऋण वितरण किया गया। |

# 3. गतिविधि : किसान क्रेडिट कार्ड वितरण सप्ताह का आयोजन।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| बैंक शाखा | किसान क्रेडिट कार्ड वितरण सप्ताह का आयोजन। | 344 |




मानीय मुख्यमंत्री जी द्वारा जिला मुंगली में कार्ड वितरण




जिला अम्बिकापुर में कार्ड वितरण हेतु शिविर




माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा जिला बिलासपुर में कार्ड वितरण

# 4. गतिविधि : पैक्स समितियों में सभी सदस्यों को KCC कार्ड वितरण कार्यक्रम।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| ग्राम | पैक्स समितियों द्वारा सदस्यों को KCC कार्ड वितरित किया गया। | 2058 |




सेवा सहकारी समिति मर्या. सैगोना शाखा कण्हेरा जिला दुर्ग



जिला कोंडागांव ग्राम पंचायत अमरावती, तोडासी दहिकोंगा, पेड्रावन, चिंगनार




सेवा सहकारी समिति मर्या. डूडा, लोलेसरा जिला बेमेतरा

# “सहकार से समृध्दि”

International Year of Cooperatives 2025

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| क्षेत्र | बैंक |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | सहकारी बैंकों में अकृषि ऋण वितरण में वृद्धि के लिए कार्यशाला। |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | सुशासन तिहार अंतर्गत भारत सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुक्रम में राज्य में अकृषि ऋण का वितरण किया जाना। बैंक मुख्यालय स्तर पर शाखा प्रबंधकों को अकृषि ऋण वितरण के संबंध में प्रोत्साहित करते हुए त्रैमासिक लक्ष्य दिया जाना। |
| उद्देश्य | जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से अकृषि ऋण में वृध्दि करना। |
| प्रतिभागियों की संख्या | 730 |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | बैंकों के माध्यम से कृषि ऋण के अलावा अकृषि ऋण में वृध्दि करते हुए कुल 730 ग्रामीणों/कृषकों को 22.34 करोड़ का अकृषि ऋण वितरण किया गया है, जिससे ग्रामीणों को ग्राम स्तर पर ही अकृषि ऋण सुविधाएं प्राप्त हो रही है। |

# 5. गतिविधि : सहकारी बैंकों में अकृषि ऋण वितरण में वृद्धि के लिए कार्यशाला।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| बैंक | सहकारी बैंकों द्वारा अकृषि ऋण वितरण में वृद्धि के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। | 07 |

दैनिक भास्कर धमतरी 15-05-2025

## सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

भास्कर न्यूज | जीजामगांव

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अंतर्गत सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने 13 मई को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित कचना के कार्यालय परिसर में हुआ। आयोजन का उद्देश्य पैक्स समितियों के आर्थिक सुदृढ़ीकरण और सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देना था। इसमें कोऑपरेटिव बैंक शाखा दरबा के अंतर्गत 5 पैक्स समितियों के कृषक और सदस्य शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पूजन और दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर अलख राम साहू, जितेंद्र नंदा, सीपी साहू और प्रशिक्षक डॉ. एएन दीक्षित उपस्थित रहे। सहकारिता विस्तार अधिकारी जितेंद्र नंदा ने कहा कि सहकारिता ग्रामीण और शहरी भारत के बीच सेतु है। यह केवल आर्थिक मॉडल नहीं, बल्कि स्व सहायता, सामूहिक हित और लोकतांत्रिक मूल्यों की शिक्षा भी देती है। सहकारिता आर्थिक, सामाजिक,



जीजामगांव। प्रशिक्षक डा. एएन दीक्षित ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

शैक्षणिक और नैतिक विकास का मंत्र है। प्रशिक्षक डॉ. एएन दीक्षित ने बताया कि देश की 65% आबादी गांवों में रहती है। कृषि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि साख की 36% पूर्ति सहकारी समितियां करती हैं। ये समितियां किसानों को शोषण से बचाती हैं।

छत्तीसगढ़ में इस साल 25 लाख किसानों से 149.25 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया। इसके लिए 31049 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों ने भी विचार रखे। बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण जन उपस्थित रहे। संचालन संघ प्रबंधक एपी गुप्ता और आभार पैक्स कचना प्रबंधक वंशी निषाद ने किया।

## किसानों को दी जाने वाली सामग्री की विस्तृत जानकारी दी



दाढ़ी @ पत्रिका. सेवा सहकारी समिति सेमरिया में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को समितियां के माध्यम से दी जाने वाली योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

सेवा सहकारी समिति सेमरिया प्राधिकृत अध्यक्ष संतोष साहू ने बताया कि किसानों को समृद्ध एवं खुशहाल बनाने के लिए एवं उन्नत कृषि करने के लिए शासन के द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है जिसकी संपूर्ण जानकारी एवं योजनाओं का लाभ समिति के माध्यम से दी जा रही है। सहायक समिति प्रबंधक शंकर दिवाकर ने बताया कि माह अप्रैल से अब तक 350 किसानो का के सीसी कार्ड नवीनीकरण एवं 20 कृषकों का नवीन किसान क्रेडिट कार्ड बनाया गया है। समिति में संचालित सीएससी के माध्यम से 490 कृषकों का किसान पंजीयन, एग्रीटेक पंजीयन, समिति में आने वाले कृषकों का मोबाइल रिचार्ज, बिजली बिल एवं अन्य कार्य किया गया। समिति में ही माइक्रो एटीएम द्वारा कृषको को 10000 रुपये तक की राशि जमा व निकासी की सुविधा दी जा रही है। समिति में व 1 अप्रैल से 22 मई तक 908 कृषको को नगद के रूप में ऋण राशि 371.75 लाख रूपये एवं वस्तु के रूप में ऋण राशि 66.72 लाख जारी किया जा चुका है। अध्यक्ष संतोष साहू द्वारा नवीन किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया।

| मानदंड | विवरण |
|---|---|
| क्षेत्र | FPO |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | जिला बालोद, दुर्ग एवं कोरिया |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | कृषक उत्पादक संगठनों (FPO) में परियोजना प्रबंधन एवं पर्यवेक्षण विषय पर NCDC द्वारा क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन। |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | मॉडल उपनियमों के मुख्य बिंदु एवं इसके लाभ, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की 56 प्रमुख पहलों पर चर्चा एवं NCDC की योजनाएं, क्रियाकलाप तथा वित्त पोषण पर प्रशिक्षण। |
| उद्देश्य | FPO के कृषकों को योजनाओं के बारे में अवगत कराने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। |
| प्रतिभागियों की संख्या | 120 |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | किसानों को एफ.पी.ओ. के कार्य, उद्देश्य एवं लाभ से अवगत कराया गया, जिससे कृषक सामूहिक रूप से अपनी उपज बेचकर बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकें, थोक में इनपुट खरीदने और सामूहिक रूप से मार्केटिंग करने पर उत्पादन लागत में कमी करने तथा किसानों को बाजार तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराता है, जिसका परिणाम यह हुआ है कि कृषकों को अपने उत्पादों के विपणन से बेहतर कीमत प्राप्त हो रहा है। |

6. **गतिविधि** :कृषक उत्पादक संगठनों (FPO)में परियोजना प्रबंधन एवं पर्यवेक्षण विषय पर NCDC द्वारा क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| जिला | कृषक उत्पादक संगठनों (FPO) में परियोजना प्रबंधन एवं पर्यवेक्षण विषय पर NCDC द्वारा क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। | **03** |




जिला बालोद



जिला दुर्ग



जिला कोरिया

| मानदंड | विवरण |
|---|---|
| क्षेत्र | ग्राम |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | पैक्स |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | धान की फसल में नींदानाशक, कीटनाशक, कवकनाशक एवम नैनो उर्वरक प्रबंधन तथा पौध विकास संवर्धक किसान संगोष्ठी |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 अंतर्गत माह की गतिविधियों के तहत फसल चक्र परिवर्तन एवम धान की फसल में नींदानाशक,कीटनाशक,कवकनाशक एवम नैनो उर्वरक प्रबंधन तथा पौध विकास संवर्धक के संबंध में में किसान संगोष्ठी सह कार्यशाला का आयोजन किया जाना। |
| उद्देश्य | कृषकों को रासायनिक खाद के संबंध में जानकारी एवं प्रशिक्षण देना। |
| प्रतिभागियों की संख्या | 26,343 |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | कार्यशाला अंतर्गत IFCO मित्सुभीषि कॉर्पिराशन की रासायनिक दवाई एवं नैनो यूरिया/DAP के उत्पाद के नई निंदानाशक, कीटनाशक, कवकनाशक की जानकारी जानकारी दी गई। कृषकों को किसान बीमा सुरक्षा योजना की जानकारी देते हुए 150 रूपये से एवम रु 1 लाख तक अतिरिक्त बीमा योजना का लाभ समिति को प्राप्त हो की जानकारी जानकारी दी गई। |

## 7. **गतिविधि :** धान की फसल में नींदानाशक, कीटनाशक, कवकनाशक एवम नैनो उर्वरक प्रबंधन तथा पौध विकास संवर्धक किसान संगोष्ठी

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| पैक्स | फसल चक्र परिवर्तन एवम धान की फसल में नींदानाशक,कीटनाशक,कवकनाशक एवम नैनो उर्वरक प्रबंधन तथा पौध विकास संवर्धक के संबंध में में किसान संगोष्ठी सह कार्यशाला का आयोजन किया जाना। | **2058** |




पैक्स नगरी, जिला धमतरी



पैक्स जिहाटी, जिला बालोद

| मानदंड | विवरण |
|---|---|
| क्षेत्र | ग्राम |
| गतिविधि का स्तर/स्थान | पैक्स |
| कार्यक्रम गतिविधि का नाम | माईक्रो ATM से संव्यवहार बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम। |
| गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी | राज्य के सभी 2058 पैक्स में माईक्रो एटीएम के माध्यम से अधिकतम 10,000 रूपये तक की आहरण सुविधा कृषकों को पैक्स स्तर पर प्रदान किया जाना। |
| उद्देश्य | किसानों की समय, श्रम, संसाधन आदि की बचत एवं पैक्स स्तर पर बैंकिंग सुविधा कृषकों को प्रदान करना। |
| प्रतिभागियों की संख्या | 14653 |
| उपलब्धियाँ और परिणाम | राज्य के सभी 2058 पैक्स में माईक्रो एटीएम संचालित हैं, जिसके अंतर्गत माह मई 2025 में 14653 कृषकों को राशि रू. 10.04 करोड़ का आहरण किया गया, जिससे किसानों की समय, श्रम, संसाधन की बचत करते हुए बैंकिंग सुविधा लाभ कृषकों दिया गया। |

## 8. गतिविधि : माईक्रो ATM से संव्यवहार बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| ग्राम | माइक्रो ATM से संव्यवहार बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। | 2058 |

# जिले के सहकारी समितियों में किसानों को माईक्रो एटीएम की मिल रही सुविधा



**समाधान शिविर में प्रभारी सचिव की मौजूदगी में माईक्रो एटीएम से किसान को तत्काल राशि आहरित कर किया गया प्रदान**

राजधानी से जनता तक। गरियाबंद-: जिले में सुशासन तिहार-2025 के तहत गरियाबंद विकासखंड के कोचवाय में आज समाधान शिविर लगाया गया। शिविर में प्रभारी सचिव श्री हिमशिखर गुप्ता भी शामिल हुए। उन्होंने स्टॉलों के अवलोकन के दौरान सहकारिता विभाग के स्टॉल में माईक्रो एटीएम की सुविधा का जायजा लिया। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को आर्थिक रुप से सुलभ बनाने हेतु पैक्स समितियों में माइक्रो एटीएम की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसी तारतम्य में प्रभारी सचिव श्री हिमशिखर गुप्ता के हाथों परसुली के कृषक देवानंद ध्रव को माइक्रो एटीएम के माध्यम से नगदी राशि 500 रुपए का भुगतान किया गया। प्रभारी सचिव ने किसान को बधाई देते हुए इस सुविधा का निरंतर लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही विभागीय अधिकारियों को पैक्स के द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं आमजन को अधिक से अधिक लाभ दिलाने हेतु कहा गया। इस दौरान कलेक्टर श्री बी.एस. उइके, पुलिस अधीक्षक श्री निखिल राखेचा, वन मण्डलाधिकारी श्री लक्ष्मण सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री जी.आर. मरकाम, सहायक आयुक्त सहकारिता सुश्री माहेश्वरी तिवारी, सीईओ जनपद पंचायत गरियाबंद श्री के. एस. नागेश एवं जिला प्रशासन के अधिकारीगण ।



तरीघाट, तहसील पाटन जिला दुर्ग

”धन्यवाद”